अपराध के मामलों में राँची पहले, धनबाद दूसरे व बोकारो तीसरे पायदान पर

चर्चा में क्यों?

- 4 सितंबर, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार झारखंड राज्य में इस वर्ष अपराध के मामलों में राँची पहले, धनबाद दूसरे व बोकारो तीसरे पायदान पर है।

प्रमुख बिंदु

- इस वर्ष अपराध के बढ़े मामले चिंताजनक हैं, जनवरी से जून महीने के बीच राँची, धनबाद, बोकारो व गिरिडीह में आपराधिक मामले पहले कम हुए, फिर बढ़े।
- क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो झारखंड के अनुसार, जनवरी से जून के बीच चोरी के सबसे अधिक मामले राँची में 1278, धनबाद में 536, बोकारो में 397 व गिरिडीह में 151 दर्ज किये गए। जनवरी से जून के बीच बलात्कार के मामले सबसे अधिक राँची में 90, गिरिडीह में 75, धनबाद में 38 तथा बोकारो में 32 मामले दर्ज किये गए।
- गौरतलब है कि अपराध के कुल मामले जनवरी के मुकाबले फरवरी और मार्च में कम दर्ज हुए। जनवरी में कुल मामले 595, फरवरी में 480 व मार्च में 466 दर्ज किये गए, मगर अपराध के कुल मामले फिर से बढ़कर अप्रैल, मई और जून में क्रमश: 550, 587 और 537 हो गए, जो कि चिंताजनक है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ranchi-ranks-1st-dhanbad-2nd-and-bokaro-3rd-in-crime-cases